विंटरग्रीन

गाउलथेरिया फ्रैग्रेन्टिसिमा 15 मिली

dōTERRA | INDIA

प्रोडक्ट की जानकारी

CPTG®

उपयोगिता: A T | S
पौधे का हिस्सा: पत्तियां
निष्कर्षण की विधि: स्टीम डिस्टिलेशन
सुगंध का विवरण: स्वीट, मिन्टी, रिफ्रैशिंग
मुख्य रासायनिक तत्व: मिथाइल सेलिसिलेट

विंटरग्रीन | *गॉउलथेरिया फ्रैग्रेन्टिसिमा 15 मिली*
SKU: 60222447

प्राथमिक फ़ायदे

+ त्वचा पर एक गर्म राहतकारी अहसास दिलाता है।
+ ताजगीभरा, उर्जा-उत्साह जगाने वाली खुशबू फैलाता है।

प्रोडक्ट का विवरण

विंटरग्रीन एसेन्शियल ऑयल को कॉरिफेरस इलाकों में पायी जाने वाली एक बेलदार वनस्पति की पत्तियों से बनाया गया है। विंटरग्रीन में पाए जाने वाले मुख्य रासायनिक तत्व मिथाइल सेलिसिलेट का इस्तेमाल, इसके राहतकारी गुणों के लिए टॉपिकल क्रीम्स तथा मसाज ब्लैन्ड्स में किया जाता है। दरअसल दुनिया में केवल विंटरग्रीन और बिर्च ही ऐसे दो पौधे हैं जिनमें मिथाइल सेलिसिलेट कुदरती रूप में पाया जाता है। विंटरग्रीन का फ्लेवर देने के लिए इसका छोटी मात्राओं में इस्तेमाल कैंडीज़, टूथपेस्ट तथा च्युइंग गम में किया जाता है। फैल जाने पर, विंटरग्रीन की ताजगीभरी खुशबू ऊर्जा तथा उत्साह बढ़ाने वाली संवेदना पैदा करती है। डोटेरा की पहल के अंतर्गत विंटरग्रीन को नेपाल से प्राप्त किया जाता है, जहां के ग्रामीणों द्वारा इसे वनों से एकत्र किया जाता है, फिर सामुदायिक डिस्टिलेशन सुविधाओं में इसे डिस्टिल किया जाता है। यह प्रक्रिया ग्रामीण नेपाल के दूर दराज के निवासियों को आमदनी बढ़ाने का एक ज़रिया प्रदान करती है।

इस्तेमाल

+ एक राहतकारी गर्माहट भरी मसाज के लिए इसकी एक-दो बूंदों का कैरियर ऑयल में मिलाकर त्वचा पर मलें।
+ मधुर, मिन्टी खुशबू के लिए इसे छितराएं।

निर्देश

एरोमैटिक इस्तेमाल: अपनी पसंद के डिफ्यूजर में तीन से चार बूंदों का इस्तेमाल करें।
ऊपरी इस्तेमाल: इच्छित हिस्से पर एक से दो बूंदें लगाएं। त्वचा की संवेदनशीलता को कम से कम करने के लिए इसे किसी कैरियर ऑयल में मिलाकर पतला कर लें। नीचे दी गई अतिरिक्त सावधानियां देखें।

सावधानियां

आंतरिक इस्तेमाल के लिए नहीं. त्वचा में संवेदनशीलता पैदा हो सकती है। बच्चों की पहुंच से दूर रखें। गर्भवती स्त्री, स्तनपान कराने वाली स्त्री या जिनका कोई इलाज चल रहा हो, डॉक्टर से परामर्श करके ही इस्तेमाल करें। आंखों, कान के अंदर तथा संवेदनशील हिस्सों से संपर्क होने से बचाएं।

All words with trademark or registered trademark symbols are trademarks or registered trademarks of dōTERRA India Private Limited